प्रो० राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ०प्र०–226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/1090 दिनांकः 15 जुलाई, 2024

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/समस्त छात्र/छात्राएं
डॉ० ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2023–24 के सम सेमेस्टर के द्वितीय चरणी की परीक्षाओं के परीक्षा फार्म भरे जाने तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की तिथि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2024/1054 दिनांक 01 जुलाई, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2023–24 के सम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर की लिखित परीक्षाओं जो दिनांक 23 जुलाई, 2024 से आयोजित होना निर्धारित है। उक्त परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं के ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से दिनांक दिनांक 15 जुलाई, 2024 तक परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की सूचना दी गई थी।

उक्त के सम्बन्ध में कतिपय संस्थानो/छात्रों द्वारा किये गये अनुरोध को सक्षम स्तर द्वारा स्वीकार करते हुए निर्धारित उक्त अन्तिम तिथि दिनांक 15 जुलाई, 2024 को **विस्तारित करते हुए दिनांक 18 जुलाई, 2024 तक परीक्षा फार्म भरे जाने एवं परीक्षा शुल्क जमा** किये जाने हेतु ई0आर0पी0 पोर्टल संचालित रहेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए समयानुसार परीक्षा फार्म भरवाने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने का कष्ट करें

भवदीय

15/07/2024

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक